संक्षिप्त

ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आज

बौंली- बामनवास। सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं व त्वरित समाधान व निराकरण के उद्देश्य से 7 नवंबर गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गुरुवार को प्रातः 11 बजे पंचायत समिति बौंली की ग्राम पंचायत लाखनपुर, बपुई, बांस टोरड़ा, पीपलवाड़ा एवं हिंदुपुरा में जनसुनवाई का आयोजन होगा। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करेंगे।

रिक्त पदों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू

निवाई। राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम में छात्राओं के रिक्त पदों पर ऑन लाईन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राचार्य प्रो. पानमल पहाडिया ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम में रिक्त पदों पर ऑन लाईन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाविद्यालय में एसटी, एससी व ई डब्लूएस में सीटे रिक्त है। जिसके लिए छात्राएं 11 नवम्बर तक ऑनलाईन आवेदन कर सकती है। उन्होंने बताया कि बीए पार्ट द्वितीय व तृतीय कको प्रवेश नवीनीकरण व फीस जमा करवाने के लिए पोर्टल पुनः खुल गया है।प्रवेश फीस जमा करवाने से वंचित छात्राएं ई-मित्र से 15 नवम्बर तक फीस जमा करवा सकती है।

ब्राह्मण समाज संव का आयोजन आज

दौसा । जिले में ब्राह्मण समाज संवाद एवं परिचर्चा कार्यक्रम.2024 का आयोजन 7 नवंबर गुरुवार को यशोधरा गार्डन गुप्तेश्वर रोड दौसा में दोपहर 1.30 बजे आयोजित किया जा रहा है । इसके संयोजक बाबूलाल जैमन, पूर्व जिला परिषद सदस्य दौसा और कैलाश भारद्वाज, सिंडोली डायरेक्टर क्रय.विक्रय सहकारी समिति दौसा का कहना है कि इस आयोजन के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी एवं विशिष्ट अतिथि मंजू शर्मा सांसद जयपुर, संदीप शर्मा विधायक कोटा, बिरदी चंद शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज, पंण् देवी शंकर शर्मा प्रदेशाध्यक्ष गौड सनाढ्य फाउंडेशन राजस्थान और सुमन शर्मा पूर्व अध्यक्षा राज. महिला आयोग राजस्थान होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडी शर्मा पूर्व अध्यक्ष देवस्थान विभाग राजस्थान करेंगे। मीडिया प्रभारी योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण हितों के लिए आयोजित की जा रही इस परिचर्चा में दौसा क्षेत्र के सभी ब्राह्मणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आवाहन किया गया है।

ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को

कोटपूतली। जनसुनवाई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सर्वोच्च वरीयता दी जा रही है। ताकि आमजन की समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके तथा उन्हें राहत मिलें। जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं और समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान हेतु त्रिस्तरीय जनसुनवाई की जा रही है। एडीएम ओमप्रकाश सहारण के आदेश मुताबिक नवम्बर माह के प्रथम गुरूवार 07 नवम्बर को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। गुरुवार को होने वाली ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में मुख्य सचिव व राज्य सरकार के उच्च स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से हिस्सा लेंगे।

बजरी से भरे हुए 2 डंपर, 2 ट्रेलर व एक ट्रक जब्त

निवाई। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए 2 डंपर, 2 ट्रेलर व एक ट्रक को जब्त करके 4 चालकों को गिरफ्तार किया है। बरोनी थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि अवैध बरी खनन व परिवहन के तहत पुलिस अधीक्षक विकास सागवान के आदेशों पर बजरी खनन की रोकथाम के लिए 5 टीमें गठित की है। गठित टीमों ने बुधवार को नाकाबंदी के दौरान गांव बरोनी से 2 डंपर, 2 ट्रेलर व एक ट्रक में बजरी भरी हुई मिली जिस पर पुलिस ने पांचों वाहनों को जब्त कर लिया। पुलिस ने वाहन चालक हीरापुरा थाना कोटखावदा निवासी रमेश मीणा, गुंसी निवासी दिनेश मीणा, गांव गडुडा थाना फागी निवासी रामजीलाल जाट व बालापुरा थाना फागी निवासी मंगलचन्द को गिरफ्तार किया है।

खैरथल में 9 हजार 486 करोड़ के 156 नये एम. ओ. यू. हुए

भिवाड़ी। जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को रीको सभागार भिवाड़ी में इन्वेस्टमेंट समिट तथा ग्रेप को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्टर ने बाबा मोहन राम मंदिर पहाड़ी क्षेत्र में बनाए जा रहे है नगरीय वन में पौधारोपण करने हेतु की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर के सतत प्रयासों तथा नियमित मॉनिटरिंग से जिले में लगभग 9 हजार 486 करोड़ रुपए के नए एमओयू प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में निवेश को बढ़ाने के लिए जिला कलेक्टर द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है उसी के परिणाम स्वरूप अब तक कुल 9 हजार 486 करोड़ रुपए के 156 एम ओ यू प्राप्त हो चुके हैं। निरंतर वृद्धि के प्रयास किए जा रहे हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल

भिवाड़ी रीको सभागार में जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट को लेकर की

इन्वेस्टमेंट समिट के तहत क्षेत्रीय निवेश को बढाया देने के उद्देश्य से खैरथल-तिजारा जिले में जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट का आयोजन 24 नवम्बर को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकाधिक उद्योगपतियों एवं औद्योगिक संघों को जिले में निवेश हेतु प्रोत्साहित करना है ताकि जिले के औद्योगिक विकास को गति मिल सके। उन्होंने नई रीप्स नीति की कार्यशाला आयोजित कर राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए। सुरजीत सिंह खोरिया महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र भिवाड़ी ने बताया कि जिले में निवेश को

- कलेक्टर ने ग्रेप में की जा रही गतिविधियों की अधिकारियों से की समीक्षा बाबा मोहन राम नगरीय वन में पौधारोपण तैयारियों का किया निरीक्षण

लेकर उद्योगपति लगातार संपर्क कर अधिकाधिक संख्या में एमओयू के प्रस्ताव भिजवा रहे है। अब तक जिले में 156 एमओयू के तहत कुल 9 हजार 486 करोड़ रु. के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके है एवं लगातार इस संख्या को बढ़ाने के लिये जिला प्रशासन इच्छुक निवेशकों के साथ लगातार संपर्क बनाकर उन्हे जिले में निवेश हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

दो अभियुक्त गिरफ्तार

कोटपूतली। स्थानीय थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ढ़ाबे पर खड़े ट्रेलर को दो व्यक्तियों द्वारा ड्राईवर से छीनकर ले जाने के मामले में कार्यवाही करते हुये ट्रेलर को बरामद करने व आरोपियान को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसपी राजन दुष्यन्त ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत 04 नवम्बर की रात्रि को एनएच 48 पर स्थित ढ़ाबे पर खड़े ट्रेलर को दो व्यक्तियों द्वारा ड्राईवर से छीनकर ले जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुये त्वरित कार्यवाही कर ट्रेलर को बरामद करने व आरोपियान की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये थे। जिस पर एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। घटनास्थल के आसपास व हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों का विश्लेषण करते हुये 12 घण्टे से भी कम समय में चोरी किये गये ट्रेलर नम्बर आर जे 52 जीए 1122 को ईलाका थाना पाटन से बरामद किया गया ।

40 हजार का डोडा किया जब्त

मालपुरा। अवैध मादक पदार्थ तस्करी रोकथाम को लेकर जिला पुलिस अधिक्षक विकास सांगवान के निर्देशो पर डिग्गी थाना अधिकारी ओमप्रकाश चौधरी के सुपरविजन मे विशेष टीमे कार्यवाही करते हुये 40 हजार का डोडा पोस्त किया जप्त। थाना पुलिस से मिली जानकारी मे बताया कि बुधवार को मुखबीर की सुचना पर कार्यवाही की गई। मुखबीर के जरिये सुचना मिली की मालूणी निवासी महेन्द्र जाट पुत्र नारायण जाट अपने घर मे डोडा छुपा अवैध रूप से बैचान कर रहा है । सुचना मिलने पर थानाधिकारी ओमप्रकाश चौधरी मय जाप्ते के मालूणी पहुंच महेन्द्र जाट के मकान पर दबिश की कार्यवाही की गई। पुलिस टीम को आता देख महेन्द्र जाट मौके से भाग छुटा। टीम ने मकान की तलाशी ली तो मकान मे अवैध रूप से छुपाकर रखे गये 2 किला 468 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया गया।आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू करते हुये आरोपी की तलाश शुरू की।

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन

कोटपूतली। आकाशवाणी स्टूडियों में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस को लेकर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, पूर्व पीएमओ डॉ. अश्वनी गोयल व डॉ. नवीन यादव ने भाग लिया। कार्यक्रम में परिचर्चा उद्घोषक विकास वर्मा ने अतिथियों के साथ कैंसर जागरूकता विषय पर विस्तार से परिचर्चा की।

सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि कैंसर की जांच के लिए सभी अस्पतालों में कैंसर स्क्रीनिंग सुविधा उपलब्ध है। जहां मरीज अपनी जांच करा सकते हैं। साथ ही सरकार ने आयुष्मान भारत के तहत कैंसर का ईलाज निशुल्क कर रखा है। इसलिये कैंसर मरीजों को अपनी बीमारी छुपानी नहीं चाहिये, बल्कि डॉक्टर की सलाह लेकर उचित व पूरा इलाज लेना

आकाशवाणी स्टूडियों में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस को लेकर परिचर्चा करते चिकित्सक।

चाहिये। डॉ. अश्विनी गोयल ने बताया कि पुरुषों में फैफड़ों का कैंसर व महिलाओं में ज्यादातर स्तन कैंसर देखने को मिलता है। हमें यह ध्यान रखना चाहिये कि हमारे शरीर में कोई अवांछित गतिविधि लगातार ना हो रही हो। अगर शरीर में एक ही जगह कोई घाव लगातार बना हुआ है या कोई गांठ बनी हुई है तो उसे डॉक्टर को दिखाना चाहिये व जांच करानी चाहिये। ध्यान रहे इलाज ही कैंसर से बचाव है। इसी तरह डॉ. नवीन यादव ने बताया कि महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिये 12 से 15 साल की बालिकाओं को वैक्सीन लगाई जाती है। अगर इस वैक्सीन को समय पर लगवा लिया जाये तो सर्वाइकल कैंसर से बचा जा सकता है। इसी तरह अगर डॉक्टर ने किसी मरीज के कैंसर बता दिया है तो घबराना नहीं चाहिये और डॉक्टर द्वारा बताई गई पूरी जांच करवाकर इलाज लेना चाहिये। समय पर कैंसर को पहचान कर लिया गया इलाज कैंसर से बचा सकता है।

कार्यक्रम एफएम बैण्ड 101.9 मेगाहर्टज पर 07 नवम्बर को सुबह 10 बजे रेडियो व मोबाईल एफएम पर प्रसारित होगा। राजेन्द्र सिंह तंवर ने आगुन्तक अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान तकनीकी सहायक अजीत सिंह, मनोहर मीणा, रविन्द्र सिंह, उदय सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

भाजपा के कुण्डल मण्डल के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

दौसा। राजस्थान के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने दौसा के चहुंमुखी विकास के लिए बतौर मजबूत वकील भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा को चुनकर विधानसभा में भेजने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार ही समृद्धि के साथ साथ राज्य और राष्ट्र के विकास का काम कर सकती है। वह बुधवार को खडका में कुण्डल मण्डल के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह में उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित कर रहे थे। बेढम ने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा काम करके जनता का विश्वास हासिल करती है और भजनलाल सरकार ने सत्ता में बैठते ही पूर्वी राजस्थान को सरसब्ज करने वाली महत्वाकांक्षी योजना ईआरसीपी को अमलीजामा पहनाकर यह बात साबित भी कर दी जबकि कांग्रेस की कथनी और करनी में इतना अंतर है कि उसके नेता बात तो ईआरसीपी की करते थे परन्तु पूरे पांच साल कुर्सी की लडाई में उलझे रहे। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य के विकास को एक नई दिशा और गति मिली है।

यदि दौसा क्षेत्र की जनता अपनी

खडका में कुण्डल मण्डल के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ।

समस्याओं का स्थायी समाधान चाहती है तो उसे विकास की मजबूत कडी के रूप में सहजए सरल और सौम्य व्यक्तित्व के धनी तथा सीनियर प्रशासनिक अधिकारी के पद को त्यागकर जनता की सेवा के मकसद से राजनीति में आए जगमोहन मीणा जैसे योग्य उम्मीदवार को ही चुनना होगा। वैसे भी उपचुनाव में आमतौर पर जनता का रुख उसी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में रहता हैए जिसकी सरकार सत्ता में है।

चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह में दौसा के पूर्व विधायक नंदलाल बंशीवाल, महवा विधायक राजेन्द्र मीणा, जमवारामगढ विधायक और कुण्डल मण्डल प्रभारी महेन्द्रपाल मीणा, चाकसू विधायक रामोतार बैरवा, भाजपा नेता नीलम गुर्जर,पूर्व उप जिला प्रमुख सतीश शर्मा, गोपाल सैनी, दौसा नगर परिषद के पूर्व सभापति सुरेश घोषी, आंचल अवाना आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की।

सांभर पर्यटन नगरी की प्रमुख सड़कों पर गड्ढों के गहरे जख्म

सांभरझील। नगर पालिका की ओर से सांभर-फुलेरा, सांभर-नावा व सांभर नारायना सीमा के अंतिम छोर पर मुख्य मार्ग पर लगाए गये ''पर्यटन नगरी सांभर झील में पधारने पर आपका हार्दिक स्वागत है'' का साइन बोर्ड भले ही बस में सफर करने वाले लोगों को देखने में अच्छा लगे, लेकिन हकीकत तो यह है कि यह बोर्ड अब यहां के लोगों को चिढ़ा रहा है है। पर्यटन नगरी के मापदंडों के अनुरूप नगर पालिका प्रशासन को सड़कों को बेहतर बनाने के लिए जो खाका खींचा जाना चाहिए था वह तो तैयार नहीं हो सका अलबत्ता बजट अन्य कार्यों में कहां-कहां पर खर्च किया गया यह नगर पालिका के रिकॉर्ड में ही दर्ज होकर रह गया है। पर्यटन नगरी की शान जहां से शुरू होती है वह है यहां का पृथ्वीराज सर्किल यहां से होकर आबादी क्षेत्र में प्रवेश किया जाता है।

इन्यू मार्केट से तेली दरवाजा होते हुए सबसे पुराना बाजार जिसमें कपड़ा मार्केट, गोला बाजार, कटला बाजार व पुरानी धान मंडी के तमाम रास्ते उन प्रमुख जगहों में शुमार है जहां पर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में वाहनों व ग्रामीणों का आना-जाना रहता है। इसके अलावा सांभर-फुलेरा मार्ग सहित उपरोक्त तमाम रास्तों पर सैकड़ो की तादाद में छोटे-बड़े गड्ढे हैं और सड़के

- सड़कों की मरम्मत के लिए तीन साल से पालिका नहीं बना सकी प्लान

ऊबड़-खाबड़ हो गई है तथा अनेक जगहों से कंक्रीट बाहर निकल गई है। राहगीरों के अलावा सबसे ज्यादा मुश्किल दो पहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ती है। अक्सर सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने से दो पहिया वाहन चालक चोटिल भी हो जाते हैं।

विगत तीन वर्षों में सड़कों के पेचवर्क किन-किन जगहों पर कराया गया यह तो पालिका को ही पता है या उस वक्त कराया गया जब सांभर पर्यटन महोत्सव का आयोजन था तो फॉर्मेलिटी पूरी कर ली गई लेकिन अभी भी ऐसे मार्ग हैं जहां आज स्थिति में सुधार किया जाना आम जन के हितों के लिए जरूरी है। फुलेरा निवासी देवेंद्र कुमार टाक बताते हैं कि सांभर कोर्ट जाने वाले लिंक रोड के नजदीक सड़क के बीचो-बीच दो गहरे गड्ढे ऐसे हैं जिसमें एक बार खुद भी बाइक से गिरकर चोटिल हो चुके हैं। यहां की शहर की सरकार के मुखिया को भी उन्होंने बताया लेकिन 6 माह से यह गड्ढा पहले छोटा था अब धीरे-धीरे बड़ा होता जा रहा है।

शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने डी.वाई.एस.पी. उतरी सड़कों पर

पावटा। पावटा कस्बे में जाम की समस्या आम बात हो गई है। दिन-प्रतिदिन यह समस्या और गंभीर बनती जा रही है। अमूमन यह देखा जा रहा है कि करीब दिन में दोपहर के बाद हर घंटे पर बाजार होकर गुजरने वाले मार्ग व सड़के जाम हो जाती है। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है। प्रशासनिक वाहनों से लेकर अन्य वाहन जाम में फंसे रहते हैं। लोगों के अनुसार इस तरह की गंभीर जाम का मुख्य कारण सड़कों पर यत्र तत्र वाहनों को खड़ा करना माना जाता है। किसी काम से बाजार आने वाले लोग भी सड़कों पर अपनी अपनी वाहनों को खड़ी कर दुकानों में सामान लेने लगते हैं। जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जो जाम का मुख्य कारण माना जाता है. आमलोगों को सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत ने इस ओर एक बड़ा कदम उठाया है। वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर

डीएसपी राजावत ने घंटाघर चौक मुख्य बाजार सहित कुनेड, टसकोला, भोनावास जाने वाले सड़क मार्ग का निरीक्षण किया।

शिप्रा राजावत ने पावटा कस्बे की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने शहर के प्रमुख मार्गो एवं चौक-चौराहों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग और गुमटियों को लेकर जरूरी निर्देश दिए। वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत ने पैदल चलकर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। कस्बे के लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके इसके लिए पुलिस यातायात, नगरपालिका और परिवहन विभाग को मिलकर कार्य करने को कहा। डीएसपी राजावत ने सबसे पहले कस्बे से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 48, राजमार्ग के दोनों ओर बने सर्विस रोड, सुभाष चौक,

- सड़क पर यत्र-तत्र वाहन खड़े करने पर कटेगा चालान : शिप्रा राजावत

होली चौक, घंटाघर चौक मुख्य बाजार सहित कुनेड, टसकोला, भोनावास जाने वाले सड़क मार्ग का निरीक्षण करते हुए सड़को व मार्गो पर पर खड़े वाहनों को हटाने व उनका चालान करने को कहा, जिससे अन्य वाहन चालको, राहगीरो सहित मरीजों एवं उनके परिजनों को अस्पताल आने-जाने में हो रही परेशानी दूर हो।

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग, सर्विस रोड, मॉल, बैंको, दुकानों के बाहर, मुख्य बाजारों मे बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाने व उनका चालान करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य मार्गो व बाजारों का अवलोकन कर व्यापारियों के सहयोग से ट्रैफिक का दबाव नियंत्रित करने को कहा।

नर्सिंग स्टाफ के भरोसे प्रागपुरा पी.एच.सी.

पावटा। सरकार की ओर से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे है. लेकिन प्रदेश के चिकित्सालयों में स्टाफ की कमी होगी तो वहा आने वाले मरिजों को कैसे बेहतर उपचार मिल पाएगा। कुछ ऐसा ही हाल इन दिनों पावटा उपखंड के प्रागपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रागपुरा को नए भवन में शिट कर दिया गया है, लेकिन यहां अबतक चिकित्सक की तैनाती नहीं हुई है। अस्पताल काफी लबे समय से नर्सिंग स्टाफ के भरोसे चल रहा है।

दरअसल लबे समय से यहा पर चिकित्सक का पद रिक्त है और पीएचसी महज नर्सिंग स्टाफ के भरोसे चल रही है। ऐसे में यहा आने वाले मरिजों को बेहतर उपचार नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों के अचानक आधी रात को बीमार पडने पर समय पर उपचार नहीं मिल पाएगा। ग्रामीणों की माने तो जब वे इलाज के लिए पीएचसी पहुंचते है तो चिकित्सा सुविधा के अभाव में उन्हें बस मामूली दवा देकर छुट्टी कर दी जाती है।

सार-समाचार

दीपावली स्नेह मिलन समारोह

फुलेरा । नॉर्थवेस्टर्नरेलवे एम्पलाईज यूनियन फुलेरा की ओर से बुधवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन यूनियन कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान समारोह के मुख्य अतिथि जोनल सचिव कामरेड मुकेश माथुर रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में जोनल कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, जोनल उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चाहर, राकेश यादव, अर्जुन लाल,गोपाल लाल, दीवान मोहम्मद व रामसिंह यादव रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रहलाद राम के द्वारा की गई। तो वहीं मंच का संचालन एस. के. माथुर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रारंभ में यूनियन के पदाधिकारी व सदस्यों तथा रेल कर्मियों ने आगन्तुक अतिथियों का माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। तत्पश्चात वहीं कार्यक्रम के दौरान वक्ता के रूप में स्थानीय नरेन्द्र सिंह चाहर, संजीव दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारीयों ने उपस्थित रेल कर्मियों एवं यूनियन सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी दिसम्बर माह में होने वाले मान्यता चुनाव में हमें एकजुट होकर एनडब्ल्यूआरईयू को भारी बहुमत से जीतना होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यूनियन रेल कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव तत्पर रहकर कर्मचारी और उनके परिवारों के लिए कार्य करती आ रही है, अब वह दिन आ गया है हम सबको एकजुट होकर यह समय यूनियन को देना होगा। इस अवसर पर जोनल सचिव एवं मुख्य वक्ता कामरेड मुकेश माथुर ने भी उपस्थित रेल कर्मचारियों और यूनियन के पदाधिकारी को अवगत करवाया कि हाल ही में 24 अप्रैल को यूनियन की स्थापना के सौ वर्ष पूरे हुए है। उन्होंने यूनियन के बारे में बताते हुए कहा कि देश की आजादी से पूर्व रेल कर्मचारी हितों के लिए कार्यरत यह संस्था सरकार व कर्मचारियों के बीच एक सेतु का कार्य कर रही है। इस अवसर पर यूनियन के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

'अपराधियो को छोड़ना होगा रामगढ़ नही तो उनकी खेर नही'

अलवर। रामगढ़ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों ने दौर तेज कर दिए हैं जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है लगातार प्रत्याशी ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच में पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं आज का बुधवार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुखवंत सिंह ने बिलासपुर,सेथली, नया बास,खानपुर,प्रभाती के पास, खेड़ा,बामणी खेड़ा, बस्ताबाद, डोली, खेड़ी , चंडीगढ़, सोनगढ़ निवाली, यादव नगर ,खिलोरा, यादव नगर ,दोहा ,केशव नगर सहित दर्जनों गांव में दौरे कर अपने पक्ष में वोट मांगे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को गांव में भरपूर प्यार और जन समर्थन मिल रहा है देर रात तक क्षेत्र के लोग अपने प्रत्याशी को देखने के लिए पलक पावने बिछाकर खड़े रहते हैं। भारतीय जनता पार्टी सुखवंत सिंह इस दौरान क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए कह रहे हैं कि जिन भी लोगों ने रामगढ़ विधानसभा को लूटने का कार्य किया है उनको इस विधानसभा से खरीदने का काम यहां क्षेत्र की जनता करेगी जो लोग कानून में डर का माहौल पैदा कर रहे हैं उन लोगों को भी रामगढ़ छोड़ना होगा हम कानून के डंडे से इनका इलाज करेंगे।

अचरोल कस्बे में भू माफियाओं ने किया सरकारी संपत्ति को नुकसान

अचरोल / आमेर। उपखण्ड क्षेत्र के अचरोल कस्बे में भू माफिया द्वारा लगातार मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है ग्रामीणों द्वारा लगातार प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी भू माफियाओं के कोई फर्क नहीं पड़ा और अब तो भू माफियाओं ने हद पार कर दी, जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों की सुविधा के लिए पानी की टंकी और उसके चारों तरफ बाउंड्री बनाई गई थी उसको भी अवैध मिट्टी खनन के चक्कर में सरकारी मिट्टी के टीले पर पत्थर से बनी हुई चारदीवारी और पानी की टंकी को नुकसान पहुंचा दिया उन्होंने वहां से इतनी ज्यादा मिट्टी उठा ली की चारदीवारी टूटकर नीचे गिर गई और लगातार अचरोल कस्बे में जैतपुर खींची रोड पर दलालों द्वारा अवैध कब्जा करके, फर्जी पट्टे बनाकर, और जेडीए की जमीन पर चारों तरफ अवैध रूप से तारबंदी करके सरकारी जमीन को लाखों रुपए में बेचा जा रहा है दलालों का सारा खेल प्रशासन की आंखों के सामने हो रहा है फिर भी प्रशासन आंख मूंद कर बैठा है ग्रामीणों की एक ही मांग आखिरकार कब जागेगा प्रशासन। अचरोल सरपंच जमुना देवी का कहना है कि मुझे मौके की जानकारी नहीं मैं जानकारी निकालकर उचित कार्रवाई करवाऊंगी

प्रत्याशियों ने किया जनसर्म्पक

दौसा। दौसा विधानसभा के उपचुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी ने बुधवार को अपने जनसर्म्पक के दौरान कहा कि मेरा मकसद आमजन की सेवा करना और क्षेत्र का सर्वागीण विकास करना है। साथ ही उन्होने क्षेत्र की पानी की समस्या, युवा को रोजगार की समस्या को समाप्त करने के लिए प्रयासरत रहेगें। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने क्षेत्र सिगपुरा, होदायली, हिन्दूपुरा, धर्मपुरा, बिशनपुरा, काबलेश्वर, अखैपुरा, दादनका, चौरडी, शिवरामपुरा, सिगलवास, रामपुरा, चालाना बालाजी,बोरोदा, खरताला, चक हबीबवाला, माधोगोविन्दुपरा, झाझरवाला,बासडी कलां, बासडी खुर्द सहित अनेक गांवो का जनसर्म्पक किया। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रत्याशी का माला व पहनाकर भव्य स्वागत किया । वही दुसरी ओर बीना बैरवा ने भी कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में ग्रामीण क्षेत्रों में जनसर्म्पक कर कांग्रेस के पक्ष में मत देने की अपील की। कांग्रेस प्रत्याशी डीसी बैरवा गुरूवार को प्रातः काल मुख्यालय पर बरकत स्टेच्यू,बाबाजी की छावनी,रामकुड,गुप्तेश्वर रोड और सांयकाल सोमनाथ सर्किल,पैराडाइज गणेश नगर,गायत्री नगर,अशोक नगर,पिकी होटल के पीछे ,सरस्वती नगर ,पटेल नगर,प्रभात लाँन,विजय नगर सहित रोडवेज स्टैण्ड पर जनसर्म्पक करेगें। वही दूसरी ओर निर्दलीय प्रत्याशियो ने विधानक्षेत्र के ग्रामीणों अचलों का सघन दौरा कर अपने पक्ष में मत देने की बात की।

अपराधी को किया गिरफ्तार

मालपुरा। जिला पुलिस अधिक्षक के निर्देशो पर मालपुरा थाना पुलिस ने विशेष अभियान चला फरार वांछित अपराधियो की धरपकड के लिये दबिश की कार्यवाही करते हुये मालपुरा थाने के टॉप टैन एक वांछित अपराधी को मालपुरा थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार। थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने बताया कि जिला पुलिस अधिक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार एएसपी मोटाराम बेनीवाल, डीएसपी आशीष प्रजापत के सुपरविजन मे थाना पुलिस की विशेष टीम ने मुखबीर की सुचना पर बीते एक साल से फरार चल रहै थाना स्तर के टॉप टैन अपराधी अब्दुल कय्युम उर्फ क्युमडा पुत्र जफ्फर मोहम्मद जाति रंगरेज मुसलमान हाल निवासी रंगरेज मौहल्ला मालपुरा को थाना पुलिस ने मंगलवार की देर शाम किया गिरफ्तार। थानाधिकारी ने बताया कि उक्त मुल्जिमान एसीजेएम मालपुरा द्वारा जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंट धारा 364/2ं12, धारा 138 एनआई एक्ट मे थाना हाजा पर वांछित चल रहा था। इसी क्रम मे अन्य प्रकरणो मे फरार चल रहै गिरफ्तारी वारंटी विष्णु कहार पुत्र भूरा कहार निवासी टोरडी, सुरेश पुत्र गणेश जाट निवासी लोधाना थाना नांवा जिला नागौर व रामफुल पुत्र मोहनलाल कहार निवासी टोरडी को भी मालपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार।

30वां पावन वर्षायोग समापन समारोह

मालपुरा । अग्रवाल समाज चौरासी के मार्गदर्शन मे अग्रवाल सेवा सदन डिग्गी मे सकल दिगम्बर जैन समाज की और से बुधवार को आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज ससंघ का 30वां पावन वर्षायोग समापन समारोह एवं पिच्छिका परिर्वतन व कलश वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विमल जैन कठमाणा ने बताया कि बडी संख्या मे मौजूद जैन समाज के महिला-पुरूषो की मौजूदगी मे जीनाभिषेक शांति धारा,नित्य पूजा,आहार चर्या,ध्वजारोहण,मंगलाचरण,पाद प्रक्षालन,पिच्छिका भेंट,जीनवाणी भेंट,आचार्य ससंघ के मंगल प्रवचन,सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये।